जागरण : गुना : अशोकनगर : शिवपुरी : राजगढ़ : ब्यावरा : उज्जैन

www.dainikjagranmpcg.com ✱ चाचौड़ा ✱ राघौगढ़ ✱ मुंगावली ✱ चंदेरी ✱ पोहरी ✱ कोलारस ✱ जीरापुर ✱ सारंगपुर ✱ बड़नगर ✱ नागदा भोपाल, 18 जून 2026

### बामनगांव छोटी में दर्दनाक हादसा, 7 घंटे की मशक्कत के बाद निकाले गए शव, पूरे गांव में पसरा मातम

# मिट्टी धंसने से कुएं में दबी सास-बहू की मौत



**जागरण, ब्यावरा**

जिले के खिलचीपुर क्षेत्र के बामनगांव (छोटी) में बुधवार को निर्माणाधीन कुएं में हुए दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार की दो महिलाओं की मौत हो गई। दोपहर करीब एक बजे हुए इस हादसे में जनपद सदस्य एवं स्थानीय कांग्रेस नेता की 60 वर्षीय मां रूपाबाई और 30 वर्षीय पत्नी पिंकीबाई मिट्टी धंसने से कुएं में दब गई थीं। प्रशासन, पुलिस और रेस्क्यू टीम ने करीब सात घंटे तक लगातार राहत एवं बचाव अभियान चलाया। देर शाम दोनों महिलाओं को मलबे से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार बामनगांव में एक निजी खेत पर लगभग 50 फीट गहरे नए कुएं का निर्माण कार्य चल रहा था। हादसे के समय रूपाबाई और पिंकीबाई कुएं के किनारों पर पड़ी मिट्टी और निर्माण सामग्री को समेट रही थीं। इसी दौरान कुएं के आसपास की भुरभुरी और कमजोर मिट्टी अचानक भरभराकर धंस गई। मिट्टी और पत्थरों का बड़ा हिस्सा नीचे गिरने के साथ दोनों महिलाएं भी उसकी चपेट में आकर गहरे कुएं में जा गिरीं। देखते ही देखते भारी मात्रा में मिट्टी और मलबा कुएं में भर गया, जिससे दोनों महिलाएं दब गईं।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और अपने स्तर पर बचाव कार्य शुरू किया, लेकिन भारी मलबे और कुएं की गहराई के कारण सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद प्रशासन और पुलिस को सूचना दी गई। एसडीएम अंकिता जैन, पुलिस अधिकारी और राजस्व विभाग का अमला तत्काल घटनास्थल पर पहुंचा। विधायक हजारीलाल दांगी ने भी मौके पर पहुंचकर राहत कार्यों की जानकारी ली।

रेस्क्यू अभियान के लिए तीन जेसीबी मशीनों और पोकलेन मशीन को लगाया गया। कुएं की अधिक गहराई और लगातार धंस रही मिट्टी के कारण बचाव कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण रहा।

#### सात घंटे तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन

दोपहर एक बजे शुरू हुआ राहत एवं बचाव अभियान देर शाम तक जारी रहा। करीब सात घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों महिलाओं को मलबे से बाहर निकाला गया। मौके पर मौजूद एम्बुलेंस से उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

#### पूरे गांव में छाया शोक

एक ही परिवार की दो महिलाओं की असमय मौत से बामनगांव और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। हादसे के बाद गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। अस्पताल में परिजनों और ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा रही। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया गया है। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मची रही और गांव के लोग देर रात तक शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाते रहे।

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण निर्माणाधीन कुएं के आसपास की कमजोर और भुरभुरी मिट्टी का धंसना माना जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

कई बार मिट्टी खिसकने की आशंका के बीच रेस्क्यू टीम को अत्यंत सावधानी के साथ काम करना पड़ा। कुएं के समानांतर खुदाई कर महिलाओं तक पहुंचने का प्रयास किया गया।

# हिट एंड रन मामले में मौत के ९ दिन बाद आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, ब्यावरा।** राजगढ़ थाना कोतवाली क्षेत्र में 8 जून की रात तंवर महल के पास हुए हिट एंड रन मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए फरार आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। तेज रफ्तार ओमिनी वैन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई थी, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार 8 जून 2026 की रात करीब 11:30 बजे भगवती कॉलोनी निवासी आदित्य पिता संदीप माथुर 19, शुभम पिता बालूसिंह चौहान 19 और सुरेश पिता घनश्याम गौड़ 18 तंवर महल के पास स्थित प्रतीक्षालय के आसपास टहलने गए थे। वापस घर लौटते समय ब्यावरा की ओर से तेज गति और लापरवाहीपूर्वक आ रही एक ओमिनी वैन ने तीनों युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में आदित्य माथुर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। वहीं शुभम चौहान को गंभीर हालत में पहले जिला अस्पताल राजगढ़ और बाद में भोपाल रेफर किया गया, जहां उसका उपचार जारी है। तीसरा युवक भी घायल हुआ था। फरियादी सुरेश गौड़ की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 396/26 धारा 106(ए), 281 एवं 125(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे एवं एसडीओपी राजगढ़ अरविंद सिंह राठौर के निर्देशन में थाना प्रभारी मंजू मखेनिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

पुलिस टीम ने घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में लगे अनेक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। रात का समय होने के कारण फुटेज स्पष्ट नहीं थे, जिससे जांच में कई चुनौतियां सामने आईं। इसके बावजूद पुलिस ने लगातार तकनीकी साक्ष्य जुटाए और मुखबिर तंत्र को सक्रिय रखा। जांच के दौरान मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने आरोपी चालक सुमित पिता मुकेश मेवाड़ा 21 निवासी कोली मोहल्ला इकलेरा, जिला झालावाड़ राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही दुर्घटना में प्रयुक्त ओमिनी वैन क्रमांक आरजे-25 यूए 2099 को विधिवत जब्त कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई के चलते पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मंजू मखेनियाए प्रधान आरक्षक चंदन हरिऔध, मोईन अंसारी, आरक्षक मुकेश मीणा, ललित तोमर, विवेक पाटिल, चालक राहुल गुर्जर, सैनिक रितुराज परमार तथा सीसीआर कंट्रोल रूम के आरक्षक प्रशांत रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार, 50 हजार की पूरी राशि बरामद

**ब्यावरा।** जिले में चोरी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बोडा पुलिस ने चोरी के एक मामले का सफल खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई 50 हजार रुपये की पूरी राशि बरामद कर ली है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे एवं एसडीओपी नरसिंहगढ़ प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार ग्राम हुलखेड़ी निवासी समंदर मोगिया ने 11 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दोपहर करीब 2 बजे उसके घर के बाहर तौलिये में रखे 50 हजार रुपये अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर थाना बोडा में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तथा साइबर सेल की मदद से संदिग्धों की जानकारी जुटाई। जांच के दौरान संदेह के आधार पर ग्राम हुलखेड़ी निवासी नंदन पिता प्रभुलाल मोगिया 35 को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। सघन पूछताछ में उसने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली। आरोपी के कब्जे से चोरी गई पूरी 50 हजार रुपये की राशि बरामद कर जब्त कर ली गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी देवेन्द्र सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक धन सिंह अहिरवार, आरक्षक मुलायम सिंह यादव, सुनील सोलंकी एवं आरक्षित सुनील धाकड़ की विशेष भूमिका रही।

## न्यूज कार्नर

### बस स्टैंड पर 35 लाख के डामरीकरण का लोकार्पण



**सारंगपुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के प्रमुख बस स्टैंड परिसर में लगभग 35 लाख रुपये की लागत से निर्मित डामरीकरण कार्य का आज भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। इस विकास कार्य का लोकार्पण मध्य प्रदेश शासन के माननीय मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल एवं क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर द्वारा विधिवत किया। लोकार्पण समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा तथा वरिष्ठ नेता निर्मल जैन, विशेष रूप से उपस्थित रहे। नगर पालिका द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे व अन्य सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष पंकज पालीवाल को नहीं बुलाये जाने से लोकर्पण कार्यक्रम की जन चर्चा रही की भाजपा में अंदरूनी कलह सामने आया पिछले 10 दिनों से आम नागरिक व व्यापारी बस स्टैण्ड के डामरीकरण को लेकर परेशान थे। जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के व्यापारीगण, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, नपा के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

### जिला चिकित्सालय में सफल जटिल सर्जरी

**ब्यावरा।** जिला चिकित्सालय के सर्जरी विभाग ने एक बार फिर उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए एक जटिल शल्य चिकित्सा को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। सीनियर सर्जन डॉ. राजेन्द्र कठेरिया के नेतृत्व में चिकित्सकीय टीम ने मरीज के बाएं हाथ से लगभग 300 ग्राम वजन की गांठ निकालकर उसे लंबे समय से चली आ रही समस्या से राहत दिलाई। ग्राम कल्पोनी निवासी 45 वर्षीय प्रभूलाल पिछले काफी समय से अपने बाएं हाथ में बड़ी गांठ की समस्या से परेशान था।

### ब्यावरा-पचोर मार्ग पर देर रात हादसा, चालक गंभीर, खेत में जा गिरी दिल्ली नंबर की कार

# जानवर को बचाने के प्रयास में पलटी कार, तीन घायल



**जागरण, ब्यावरा**

करनवास थाना क्षेत्र के दूधी गांव के पास मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार के सामने अचानक एक जानवर आ जाने से चालक ने वाहन को बचाने का प्रयास किया, जिससे कार अनियंत्रित होकर पलट गई और सड़क किनारे खेत में जा गिरी। हादसे में कार में सवार तीन लोग घायल हो गए, जिनमें चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार दिल्ली पंजीयन क्रमांक डीएल 12 सीएस 5311 की कार में सवार तीन लोग उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से उज्जैन जा रहे थे। रात करीब तीन बजे दुधी गांव के समीप अचानक सड़क पर एक जानवर आ गया। उसे बचाने के प्रयास में चालक ने वाहन मोड़ा, जिससे कार का संतुलन बिगड़ गया और वह पलटकर खेत में जा गिरी।

**तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया :** हादसे में कार चालक कपिल निवासी बिरौनी (बुलंदशहर) के सिर में गंभीर चोट आई। वहीं कार में सवार संजीव कुमार और अजय, दोनों निवासी इडुवा (बुलंदशहर), भी घायल हो गए। दुर्घटना के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही करनवास थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और हाईवे हेल्पलाइन 1033 की सहायता से उन्हें ब्यावरा के शासकीय अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल चालक कपिल को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

**आवारा मवेशी बन रहे हादसों का कारण :** करनवास थाना प्रभारी संगीता शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का प्रमुख कारण सड़क पर अचानक मवेशी का आ जाना सामने आया है। समय पर राहत एवं बचाव कार्य कर घायलों को उपचार उपलब्ध कराया गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र के हाईवे और प्रमुख मार्गों पर रात के समय आवारा मवेशियों की मौजूदगी लगातार बनी रहती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़कों पर घूम रहे मवेशियों की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।

**विशेष :** हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि राहत की बात यह रही कि तीनों यात्रियों की जान बच गई।

### महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में किया प्राकृतिक खेती अपनाने का आव्हान

**ब्यावरा।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक संचालित विशेष अभियान के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्रबोस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्यावरा में प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, जैविक संसाधनों के संवर्धन एवं प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरविंद भारद्वाज ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है।

### किसान कांग्रेस के नए पदाधिकारियों का स्वागत

**जीरापुर।** जिला किसान कांग्रेस द्वारा संगठन विस्तार किया गया है ऐसे में प्रदेश के पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह की अनुशंसा पर जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष भगवान सिंह बागड़ी चौहान द्वारा कांग्रेस के सक्रिय सदस्य राजाराम पाटीदार खेजडिया, गिरिराज सिंह बना, चंदरसिंह गुर्जर को किसान कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। एवम हाल ही में शाहरुख अहमद को जीरापुर अंजुमन कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कांग्रेस द्वारा स्थानीय रेस्ट हाउस में नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूलमाला साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सत्यनारायण सरावत, नगर कांग्रेस अध्यक्ष तरूण चौबे, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमसिंह परिहार, चंद्रसिंह गुर्जर पटेल, शिवनारायण गुर्जर, पुष्पेन्द्र सिंह बना, जनपद सदस्य विनोद किरार, चंद्र सिंह किरार, शिव सिंह बना, कुशाल कुशवाह, दीपक जायसवाल पप्पू, बीरमसिंह राजाहेडी, पवन सियाराम सरावात आदि कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई शुभकामनाएं दी गई। जहां किसान कांग्रेस के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने किसानों के हितों की रक्षा एवं संगठन को सशक्त बनाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का विश्वास व्यक्त किया गया।

## नगर परिषद में बड़ा फेरबदल, सीएमओ सहित चार कर्मचारियों का स्थानांतरण




**जागरण, कुरावर**

नगर परिषद कुरावर में एक बार फिर प्रशासनिक फेरबदल चर्चा का विषय बन गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद से कर्मचारी अरविंद मिश्रा, गोपाल सक्सेना, श्रीराम चंद्रवंशी और रवि दला का स्थानांतरण किया गया है। वहीं नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी का भी स्थानांतरण प्रभावी हो गया है।

स्थानांतरण आदेशों के बाद संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके दायित्वों से भारमुक्त करते हुए कार्यमुक्त कर दिया गया है। सभी को अपने नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व नगर परिषद कार्यालय में अध्यक्ष और सीएमओ के बीच हुए विवाद ने नगर की राजनीति और प्रशासनिक हलकों में काफी सुर्खियां बटोरी थीं। ऐसे में अब हुए स्थानांतरणों को लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। कई लोग इन तबादलों को हालिया घटनाक्रम से जोड़कर देख रहे हैं, हालांकि प्रशासनिक स्तर पर इन्हें शासन की नियमित प्रक्रिया का हिस्सा बताया जा रहा है। नगर परिषद में हुए इस व्यापक फेरबदल के बाद अब सभी की नजरें नए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पदस्थापना और परिषद की आगामी कार्यप्रणाली पर टिकी हुई हैं। प्रशासनिक बदलावों का नगर के विकास कार्यों और जनसुविधाओं पर क्या प्रभाव पड़ेगा, यह आने वाले समय में स्पष्ट होगा।

## जिलेभर में बनेंगे परिजन विश्राम स्थल एवं स्थापित होंगे मर्करी फ्रीजर



**जागरण, नरसिंहगढ़**

जिला कलेक्टर एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष गिरीश मिश्रा ने मंगलवार को नरसिंहगढ़ पहुंचकर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित विभिन्न जनसेवा गतिविधियों एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा निर्मित परिजन विश्राम स्थल तथा हाल ही में स्थापित मर्करी फ्रीजर का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इच्छित गढ़पाले उपखंड अधिकारी राजस्व एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी उप शाखा नरसिंहगढ़ के अध्यक्ष सुशील कुमार जिला सचिव संजय शेखर शर्मा उप शाखा नरसिंहगढ़ के सचिव एवं सिविल अस्पताल अधीक्षक डॉण् गौरव त्रिपाठी तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर मिश्रा ने पोस्टमार्टम कक्ष के सामने रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विकसित किए जा रहे विशाल पार्क के निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान पोस्टमार्टम कक्ष के समीप स्थित सुलभ कॉम्प्लेक्स की जर्जर स्थिति पर भी चर्चा हुई। संबंधित अधिकारियों को सुलभ कॉम्प्लेक्स की आवश्यक मरम्मत कराकर उसे शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए, जिससे अस्पताल आने वाले नागरिकों एवं मृतकों के परिजनों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

जिलाधिकारी गिरीश मिश्रा द्वारा उप शाखा द्वारा किए जा रहे जनहितकारी एवं मानवीय सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज के जरूरतमंद लोगों को कठिन परिस्थितियों में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करते हैं। इस अवसर पर जिला सचिव संजय शेखर शर्मा ने बताया कि नरसिंहगढ़ में निर्मित परिजन विश्राम स्थल मॉडल को पूरे जिले में लागू करने पर सहमति बन चुकी है।




### बैंक अधिकारी बनकर कॉल किया, व्हाट्सएप पर जानकारी लेकर मिनटों में खाते से उड़ाए रुपये, पुलिस ने दर्ज किया मामला

# क्रेडिट कार्ड प्रोटेक्शन प्लान के नाम पर 1.60 लाख की ठगी

**जागरण, ब्यावरा**

साइबर ठग लगातार नए-नए तरीकों से लोगों को निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला ब्यावरा का है, जहां एक व्यक्ति से क्रेडिट कार्ड के प्रोटेक्शन प्लान को बंद कराने के नाम पर 1 लाख 60 हजार 330 रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़ित की शिकायत पर देहात थाना लिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरियादी अनिल यादव 35 निवासी विनायक नगर, ब्यावरा ने पुलिस को बताया कि वह निजी क्षेत्र में कार्यरत हैं। 15 जून को दोपहर करीब 2 बजे उनके मोबाइल नंबर पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को एसबीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड विभाग का प्रतिनिधि बताया और कहा कि उनके क्रेडिट कार्ड पर एक प्रोटेक्शन प्लान सक्रिय है। यदि इसे तुरंत बंद नहीं कराया गया तो कार्ड से अतिरिक्त राशि कटती रहेगी।

ठग ने विश्वास में लेकर अनिल यादव से व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया। इसके बाद एक अन्य नंबर से उन्हें एप्लिकेशन भेजकर कार्ड संबंधी जानकारी मांगी गई। पीड़ित ने बताए अनुसार जानकारी साझा कर दी। कुछ ही देर बाद उनके मोबाइल पर क्रेडिट कार्ड से राशि कटने के संदेश आने लगे। जब उन्होंने बैंक खाते और क्रेडिट कार्ड का विवरण जांचा तो पता चला कि उनके कार्ड से 1,60,330 रुपये की राशि निकाल ली गई है। पीड़ित का आरोप है कि कॉल करने वाले व्यक्ति ने बैंक अधिकारी बनकर धोखाधड़ी की और उन्हें झांसे में लेकर पूरी वारदात को अंजाम दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**साइबर ठगों का नया तरीका :** साइबर अपराधी अब केवाईसी अपडेट, कार्ड बंद होने, रिवॉर्ड पॉइंट, प्रोटेक्शन प्लान, बीमा या बैंकिंग सुविधा के नाम पर लोगों को फोन कर रहे हैं। इसके बाद वे व्हाट्सएप लिंक, एप डाउनलोड या ओटीपी एवं कार्ड संबंधी जानकारी लेकर खातों से रकम निकाल लेते हैं।

**संदेश :** साइबर अपराधी अब तकनीकी जानकारी और बैंकिंग सेवाओं का नाम लेकर लोगों को आसानी से निशाना बना रहे हैं। थोड़ी सी सतर्कता लाखों रुपये की बचत कर सकती है। किसी भी अनजान कॉल या लिंक पर भरोसा करने से पहले उसकी पूरी जांच अवश्य कर लें।

#### सावधान रहें, इन बातों का रखें ध्यान

- कोई भी बैंक फोन पर कार्ड नंबर, सीवीवी, ओटीपी या नेट बैंकिंग की जानकारी नहीं मांगता।
- अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गए लिंक या एप डाउनलोड न करें।
- बैंक अधिकारी बनकर आने वाले कॉल की पुष्टि करें।
- कोई भी स्क्रीन शेयरिंग या रिमोट एक्सेस एप इंस्टॉल न करें।
- खाते से संदिग्ध लेनदेन होने पर तुरंत बैंक और साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।
- साइबर अपराध की शिकायत राष्ट्रीय साइबर पोर्टल पर भी की जा सकती है।

#### एक नजर में मामला

- पीड़ित : अनिल यादव, निवासी विनायक नगर, ब्यावरा।
- ठगी का तरीका : बैंक अधिकारी बनकर कॉल।
- बहाना : क्रेडिट कार्ड प्रोटेक्शन प्लान बंद कराने का झांसा।
- संपर्क : फोन कॉल और व्हाट्सएप के जरिए।
- ठगी की राशि : 1,60,330 रुपये।
- कार्रवाई : पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

**कार्यालय नगर परिषद जीरापुर जिला राजगढ़ (ब्यावरा) मध्यप्रदेश**

cmonpzpr@gmail.com office – 07370-275553

क्रमांक/971/न.प./2026 जीरापुर, दिनांक 04/06/2026

**-:निर्माण विज्ञप्ति :-**

एतद् द्वारा लोक निर्माण विभाग मे पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वार्ड क्र. 15 शनि मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु मध्यप्रदेश नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के ISSR भवन दिनांक 02/08/2021 के आधार पर अपनी दरें निर्माण शाखा में प्रस्तुत कर सकते हैं।

| स्थल का नाम | कार्य का नाम | योजना का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वार्ड क्र. 15 में शनि मंदिर के पास सामुदायिक भवन शेड निर्माण (सीएम मोनिट विधायक निधि) | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | विधायक निधि | 4.25 लाख+ GST 0.76 लाख=5.01 लाख | 4500 रु. | 1000 रु. | सक्षम श्रेणी | 90 दिवस |

उपरोक्त कार्य की निविदाएं दिनांक 19/06/2026 को 3.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं एवं कार्य की दरें दिनांक 19/06/2026 तक शाम 5.00 बजे तक ठेकेदरों के समक्ष खोली जावेंगी। सभी दस्तावेज सही होने पर ही दरें ओपन की जावेगी अन्यथा ठेकेदार की दरें ओपन नहीं होगी। उपरोक्त दरें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मुख्य नगर पालिका अधिकारी को रहेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद जीरापुर

## न्यूज कार्नर

### एलएलबी ऑनर्स की उपाधि से सम्मानित हुए आशीष मालवीय



**जागरण तराना।** धर्मशास्त्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जबलपुर के दीक्षांत समारोह में तराना निवासी आशीष मालवीय, पिता किशोर मालवीय (पंचायत समन्वय अधिकारी, जनपद पंचायत तराना) को एलएलबी (ऑनर्स) की उपाधि प्रदान की गई।

यह उपाधि उन्हें आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह में सुप्रीम कोर्ट के माननीय न्यायाधीश महोदय सर्वश्री सुरेश चंद्र जी शर्मा, संजीव जी सचदेवा एवं जितेंद्र जी माहेश्वरी, मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश महोदय श्री विवेक जी रूसिया, श्री राजेंद्र जी मेमन (पूर्व न्यायाधीश महोदय पटना एवं दिल्ली उच्चतम न्यायालय) सहित न्यायपालिका के अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान की गई। इस उपलब्धि पर आशीष मालवीय को उनके परिवारजनों अंकित मालवीय सहितइष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह उपलब्धि क्षेत्र के लिए भी गौरव का विषय मानी जा रही है।

### लेह लद्दाख में प्रथम सिंधु कुंभ, उज्जैन से 30 यात्रियों का जत्था रवाना

**जागरण उज्जैन।** लेह लद्दाख में सिंधु नदी के तट पर आयोजित होने वाले 30वें सिंधु दर्शन उत्सव और प्रथम सिंधु कुंभ के लिए उज्जैन से 30 यात्रियों का जत्था रवाना हुआ। सिंधु दर्शन यात्रा समिति के पदाधिकारियों ने सभी यात्रियों का आत्मीय स्वागत किया और उन्हें मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देकर विदाई दी।

यात्रियों को रवाना करने के अवसर पर प्रकाश चित्तौड़ा, पुनीत सांखला, राजेंद्र शर्मा, श्रीमती उषा कंवर पवार, अनिल शर्मा, बलवंत सिंह ठाकुर, देवेंद्र पाठक और खेमची चंदन भाई विशेष रूप से उपस्थित रहे। इन सभी सदस्यों ने 30 यात्रियों के दल को लेह के लिए रवाना किया। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी सिंधु दर्शन यात्रा समिति महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष उषा ठाकुर ने दी।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डेलनपुर बालाजी के दर्शन करने के साथ की पूजा-अर्चना

## सनातन धर्म विश्व शांति का आधार है, इसको मजबूत करना होगा : राज्यपाल थावरचंद गहलोत



**जागरण उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को कर्नाटक के राज्यपाल श्री थावरचंद गहलोत के साथ डेलनपुर, नागदा स्थित बालाजी हनुमान के नवनिर्मित मंदिर के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर राज्यपाल श्री थावरचंद गहलोत व उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत-अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान बालाजी हनुमान के दर्शन कर पूजन-अर्चन किया और कलश आरोहण व ध्वजारोहण कार्यक्रम में सहभागिता की।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री थावरचंद गहलोत ने कहा कि हमारी संस्कृति, हमारी सभ्यता और सनातन की परंपरा विश्व शांति का आधार है। इसके लिए हमें सनातन को मजबूत करना होगा। आज विश्व में जो अशांति फैली है, उसके लिए हमें चाहिए कि हम सनातन की शिक्षाओं से व्यापक रूप से लोगों को अवगत कराएं और सनातन को मजबूत करें। इससे लोगों में वसुधैव कुटुम्बकम् की अवधारणा पल्लवित हो। डेलनपुर बालाजी धाम में श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में राज्यपाल श्री गहलोत ने उपस्थित जनसमूह को सनातन धर्म को मजबूत करने की अपील की।

प्राचीन बालाजी हनुमान मंदिर के नवनिर्माण और राम दरबार प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित होकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विश्व में हमारी सभ्यता, समाज और हमारी संस्कृति अद्भुत है। इसकी परिकल्पना भी दूसरे देश के लोग नहीं कर सकते हैं। राम परिवार और राम राज्य की अवधारणा आज भी हम सबके लिए आदर्श का केंद्र रही है। आज से 17 लाख साल पहले राम जी का शासनकाल रहा है, उस शासनकाल की अवधारणा को आज भी आदर्श रूप में स्थापित किया जाता है। भगवान श्री कृष्ण 5 हजार साल से हमें ज्ञान प्रदान कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सभी भगवान राम और भगवान श्री कृष्ण के अनुयायी हैं। प्रदेश में जहां-जहां भगवान श्री राम और श्री कृष्ण आए हैं, उन सभी स्थलों को हम तीर्थ के रूप में विकसित कर रहे हैं। भगवान राम ने जो आदर्श समाज के लिए स्थापित किए थे, उन आदर्शों से युवा पीढ़ी और समाज के लोगों को परिचित कराने के लिए प्रदेश के सभी ऐसे स्थलों को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है।

चित्रकूट परमधाम में भी प्रदेश सरकार 2000 करोड़ रुपए की राशि से तीर्थ स्थल को विकसित करने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्री राम के साथ भगवान श्री हनुमान का अटूट बंधन का रिश्ता रहा है, उसको समझाना भी अपने आप में अद्भुत है और किसी कथा से कम नहीं है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाजी धाम मंदिर का फर्श, पीने के पानी की टंकी और बाउंड्री वॉल बनाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डेलनपुर बालाजी धाम के नवनिर्मित मंदिर श्री राम दरबार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम में मंच पर विराजमान श्री 1008 परम पूज्य नारायण त्यागी महाराज, परम पूज्य मधुसूदन महाराजजी और सभी संतवृंद को मेरा प्रणाम करते हुए कहा कि डेलनपुर बालाजी धाम की यह विशेषता है कि यहां पर भगवान को रोज चोला चढ़ता है। भगवान श्री राम जैसा परिवार और रामराज्य जैसी सरकार हो, ऐसा हम सभी के मन में भाव आता है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी महाराज अष्ट सिद्धि और नव निधि के दाता हैं, उनके अंदर इन सभी सिद्धियों का भंडार है। हनुमान जी महाराज के जीवन का प्रत्येक क्षण भगवान श्री राम के लिए समर्पित है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में भगवान श्रीराम का धाम उन सभी को उत्तर दे रहा है, जिन्होंने भगवान श्री राम की जन्मभूमि के निर्माण पर अड़ंगे लगाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने तय किया है कि अयोध्या के बाद अब चित्रकूट धाम को भी अद्भुत और भव्य बनाया जाएगा। जहां-जहां भगवान श्री राम और भगवान श्री कृष्ण ने अपने चरण रखे हैं, प्रत्येक स्थान को हम तीर्थ बनाने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ना चाहिए। इसे बढ़ाने के लिए प्राकृतिक खेती और गौवंश पालने वाले परिवारों को 1100 रुपए अनुदान भी दे रहे हैं।

## मंगल 21 को करेगा वृषभ राशि में प्रवेश, शनि की दृष्टि से बाजार मौसम और वैश्विक राजनीति में मचेगी उथल-पुथल



**जागरण उज्जैन।** वर्ष 2026 के उत्तरार्ध की शुरुआत बड़े और संवेदनशील ज्योतिषीय बदलाव के साथ होने जा रही है। ग्रहों के सेनापति मंगल 21 जून को मेष से वृषभ राशि में गोचर करेंगे। मंगल देव इस राशि में 1 अगस्त तक विराजमान रहेंगे। श्री मातंगी ज्योतिष केंद्र के प्रख्यात ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्णशंकर व्यास के अनुसार वृषभ राशि में मंगल पर न्याय के देवता शनि देव की दृष्टि रहेगी। ज्योतिष शास्त्र में शनि और मंगल के इस संबंध को बेहद प्रभावशाली माना गया है। इसका सीधा असर वैश्विक अर्थव्यवस्था, कृषि, अंतरराष्ट्रीय संबंधों और आम जनजीवन पर दिखाई देगा।

**बाजार में रहेगा भारी उतार-चढ़ाव**-वृषभ राशि को धन और संसाधनों का भाव माना ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्णशंकर व्यास ने बताया कि मंगल के इस गोचर पर शनि की दृष्टि वैश्विक स्तर पर आर्थिक दबाव बढ़ा सकती है। खाद्यान्न, सोना, चांदी, तांबा, क्रूड ऑयल और सीमेंट-सरिया के दामों में अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। निवेशकों को बाजार में सट्टेबाजी या जल्दबाजी में निवेश से बचना चाहिए। अल्पकालिक लाभ की जगह दीर्घकालिक निवेश पर ध्यान देना फायदेमंद रहेगा।

**मौसम का मिजाज बिगड़ेगा, कृषि क्षेत्र में बढ़ेगी चुनौती**-वृषभ एक पृथ्वी तत्व की राशि है जिसका सीधा संबंध कृषि और प्रकृति से है। इस गोचर के प्रभाव से मौसम के मिजाज में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। देश और दुनिया के कुछ क्षेत्रों में अच्छी बारिश होगी, जबकि कुछ हिस्सों में सूखे या अतिवृष्टि जैसी असंतुलन की स्थिति बन सकती है। किसानों को अपनी फसलों को बचाने के लिए वैज्ञानिक और पारंपरिक तरीकों का उपयोग कर जल संरक्षण व फसल प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना होगा।

**सीमा पर बढ़ेगा तनाव और कूटनीति की होगी परीक्षा**-ज्योतिषीय ग्रंथों में मंगल और शनि के संबंध को संघर्ष और शक्ति प्रदर्शन का कारक माना गया है। ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्णशंकर व्यास के मुताबिक इस अवधि में विभिन्न राष्ट्रों के बीच आपसी तनाव और सीमा विवाद की घटनाएं बढ़ सकती हैं। वैश्विक मंचों पर आंतरिक सुरक्षा और सामरिक नीतियों पर गहन चर्चा होगी। युद्ध जैसी स्थितियों को टालने के लिए देशों के बीच कूटनीतिक प्रयासों में तेजी लानी पड़ेगी।

शिक्षा में होंगे बदलाव, युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर देना होगा ध्यान

यह गोचर बच्चों और युवाओं से जुड़े विषयों पर भी चुनौतियां दे रहा है। शिक्षा पद्धतियों और मानसिक विकास पर सरकारों का ध्यान केंद्रित होगा तथा शिक्षा क्षेत्र में कुछ कड़े सुधारात्मक कदम उठाए जा सकते हैं। अभिभावकों को भी बच्चों की दिनचर्या, पोषण और डिजिटल तनाव से बचाव पर विशेष ध्यान देना होगा।

## श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस ने रैली निकाल मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**जागरण उज्जैन।** श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस द्वारा कर्मचारियों के लंबित भुगतान एवं श्री सिंथेटिक्स की भूमि पर प्रस्तावित वन विभाग की परियोजना के विरोध में बुधवार को रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कर्मचारियों ने सरकार से शीघ्र बकाया भुगतान कराने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। रैली शहीद पार्क से प्रारंभ होकर टावर चौक पहुंची, जहां कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि वर्ष 2006 में श्री सिंथेटिक्स कंपनी बंद होने के बाद से वे लगातार अपने बकाया भुगतान की मांग कर रहे हैं, लेकिन आज तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ऑर्गेनाइजिंग मजदूर कांग्रेस के शहर अध्यक्ष एवं रैली संयोजक प्रकाश सोलंकी ने बताया कि समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली है कि श्री सिंथेटिक्स की लगभग 115 हेक्टेयर भूमि पर वन विभाग द्वारा एक परियोजना प्रस्तावित की गई है।

यह भूमि वर्तमान में माननीय कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा नियुक्त लिक्विडेटर के अधीन है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनका लंबित हिसाब-किताब और बकाया भुगतान नहीं किया जाता, तब तक प्रस्तावित परियोजना का विरोध जारी रहेगा।

कर्मचारियों ने कहा कि अपने हक की लड़ाई लड़ते-लड़ते कई कर्मचारी इस दुनिया से विदा हो चुके हैं, लेकिन आज भी उनके परिवारजन, पत्नियां और आश्रित इस आंदोलन में शामिल होकर न्याय की मांग कर रहे हैं। रैली के दौरान कर्मचारियों ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा तथा भूख हड़ताल शुरू की जाएगी।

## व्यवस्था परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण के लिए शिक्षकों को बनना होगा समाज का आदर्श मार्गदर्शक



**जागरण उज्जैन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर समाज जागरण के लिए पांच प्रमुख कार्यों को विशेष रूप से सामने रखा गया है, जिन्हें पंच परिवर्तन कहा जाता है। इसके अंतर्गत नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी जीवन शैली तथा सामाजिक समरसता जैसे विषयों को समाज के केंद्र में लाने का प्रयास किया जा रहा है। इन सभी क्षेत्रों में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला नहीं बल्कि समाज का मार्गदर्शक और संस्कारदाता भी होता है। विद्यार्थी अपने शिक्षक के केवल कथन को नहीं सुनता, बल्कि उसके व्यवहार और व्यक्तित्व का भी अनुकरण करता है। इसलिए शिक्षकों को समाज में आदर्श आचरण प्रस्तुत करना होगा।

यह सारगर्भित मार्गदर्शन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मालवा प्रांत के प्रांत कार्यवाह विनीत लक्ष्मण नवाथे ने दिया। वे लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति द्वारा आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग 2026 के छठे दिन के द्वितीय सत्र को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। व्यवस्था परिवर्तन में शिक्षक की भूमिका विषय पर आयोजित इस सत्र का शुभारंभ संगठन मंत्र एवं मां सरस्वती के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

## क्षीरसागर स्थित 500 साल पुराने शेषनारायण मंदिर में लगा छप्पन भोग



**जागरण उज्जैन।** सनातन धर्म के पवित्र अधिक मास का सोमवार को उत्साह और धर्ममय माहौल के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर क्षीरसागर स्थित अवंतिका के अति प्राचीन शेषनारायण मंदिर में शुक्ला परिवार द्वारा भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। भगवान शेषनारायण को 56 से अधिक प्रकार के व्यंजनों का नैवेद्य अर्पण कर महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर सुख-समृद्धि की कामना की।

अधिक मास के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में बीते एक माह से धार्मिक अनुष्ठान जारी थे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन भगवान शेषनारायण के दर्शन लाभ लेने के साथ ही पंडित विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला के मुखारविंद से भागवत कथा का रसपान किया। सोमवार को कथा और अधिक मास दोनों का विधिवत समापन अन्नकूट महोत्सव के साथ किया गया।

### नौ ग्रहों की होती है शांति

बाबा महाकाल की नगरी अपने प्राचीन और आध्यात्मिक मंदिरों के लिए विश्वविख्यात है।

यहां भगवान विष्णु के नौ विभिन्न स्वरूपों को समर्पित नौ नारायण मंदिरों की यात्रा का विशेष महत्व है। क्षीरसागर स्थित शेषनारायण मंदिर इन्हीं नौ नारायण में से एक है। धार्मिक मान्यता है कि इन मंदिरों के दर्शन मात्र से नौ ग्रहों की शांति होती है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

### अति दुर्लभ है 500 वर्ष पुरानी प्रतिमा

मंदिर में विराजमान भगवान शेषनारायण की प्रतिमा लगभग 500 वर्ष पुरानी और अत्यंत मनोहारी है। इस दुर्लभ प्रतिमा में भगवान शेषनारायण शेषनाग की शय्या पर विश्राम कर रहे हैं और माता लक्ष्मी उनके चरण दबा रही हैं। भगवान की नाभि से खिले हुए कमल पर ब्रह्मा जी विराजमान हैं और साथ ही जय-विजय भी उपस्थित हैं।

यह रहे उपस्थित अन्नकूट महोत्सव और महाआरती के अवसर पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य डॉ. विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला, देवेंद्र शुक्ला, संजय शुक्ला, दिग्विजय शुक्ला, शैलेंद्र शुक्ला, धर्मेंद्र शुक्ला, धीरेंद्र शुक्ला, गौरव शुक्ला, यश राज शुक्ला, आशीष शुक्ला, विशाल शुक्ला, आयुष शुक्ला, अथर्व शुक्ला, अंशुमान शुक्ला, सुनीता शुक्ला, उर्मिला शुक्ला, मीना शुक्ला, शैलजा शुक्ला, लता शुक्ला, अर्चना शुक्ला, सुषमा शुक्ला, रक्षा शुक्ला और ज्योति शुक्ला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## देवास गेट थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार सम्मानित




**जागरण उज्जैन।** शहर के देवास गेट थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, युवा नेताओं और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी परिहार का स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया और क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उनकी सराहना की।सम्मान समारोह में राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के जिला अध्यक्ष देवेंद्र प्रजापत और महादेव कैफे के संचालक राहुल ठाकुर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान रूप सिंह जाट, विजय सिंह ठाकुर, मीडिया प्रभारी जितेंद्र परमार और जिला संयोजक रवि वर्मा ने भी थाना प्रभारी का स्वागत किया। सभी उपस्थितजनों ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए थाना प्रभारी को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं।

## सागर ताइक्वांडो गोल्ड कप में लायंस ताइक्वांडो टीम उज्जैन ने लहराया परचम, हासिल किया ओवरऑल दूसरा स्थान



**जागरण उज्जैन।** सागर में आयोजित थर्ड मध्य प्रदेश ताइक्वांडो गोल्ड कप चैंपियनशिप में उज्जैन की लायंस ताइक्वांडो टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 12 से 14 जून तक हुई इस स्पर्धा में टीम के खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाते हुए 3 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल सब जूनियर चैंपियनशिप में दूसरा स्थान प्राप्त कर शहर का गौरव बढ़ाया है।

प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में उज्जैन के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन किया। सब जूनियर बालक वर्ग में सम्मर सेन ने 31 किलो, लोकेंद्र राय ने 35 किलो और विशाल कछवा ने 45 किलो वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। इसी वर्ग के 28 किलो में ध्रुव शेर को रजत पदक मिला। कैडेट बालक वर्ग के 65 किलो में शैलेंद्र कछवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता, जबकि 45 किलो में दिव्यांश वर्मा और 48 किलो में गणेश गोलवाना पांचवें स्थान पर रहे। जूनियर बालक वर्ग के 48 किलो में लक्ष्य आठिया व 55 किलो में सोनू मालवीय ने कांस्य पदक अपने नाम किए।

वहीं, सीनियर बालक वर्ग के 58 किलो में प्रतीक गहलोत और 63 किलो में नीलेश केशवाल ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

## मानसून की पहली बारिश ने खोली सवारी मार्ग चौड़ीकरण की पोल, नाली निर्माण में अव्यवस्था से रहवासी परेशान



**जागरण तराना।** नगर के सवारी मार्ग पर करीब दो माह पूर्व शुरू हुआ सड़क चौड़ीकरण कार्य अब धीमी रफ्तार और अव्यवस्थाओं के कारण चर्चा में है। मानसून की पहली बारिश ने निर्माण कार्यों की हकीकत सामने ला दी है। नाली निर्माण में खामियों के चलते कई स्थानों पर पानी निकासी की समस्या उत्पन्न हो रही है, जिससे क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जनहित में रहवासियों ने स्वयं आगे आकर अपने मकानों और निर्माणों का हिस्सा हटाकर प्रशासन का सहयोग किया था, ताकि सड़क चौड़ीकरण का कार्य समय पर पूरा हो सके। लेकिन वर्तमान में कार्य की धीमी गति को देखकर लोगों में नाराजगी दिखाई दे रही है।

रहवासियों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण शुरू होने के बाद संबंधित नगर परिषद के जिम्मेदार चुनिदा बार ही मौके पर दिखाई दिए। इसके बाद निर्माण कार्य की निगरानी लगभग न के बराबर रही। वहीं करीब एक सप्ताह पूर्व शुरू हुए नाली निर्माण कार्य में भी यही स्थिति बनी हुई है। लोगों के अनुसार नगर परिषद के अधिकारी नियमित निरीक्षण के लिए नहीं पहुंच रहे हैं, जिसके चलते निर्माण कार्य में तकनीकी खामियां सामने आ रही हैं।

नाली निर्माण के दौरान पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से कई जगह गंदा पानी जमा हो रहा है। बारिश के बाद हालात और खराब हो गए हैं ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा गिरते पानी मे नाली का निर्माण कार्य जारी रखा स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय-समय पर तकनीकी निरीक्षण और निगरानी होती तो ऐसी समस्याएं सामने नहीं आतीं।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि जिन लोगों ने विकास कार्य के लिए अपने मकानों का हिस्सा हटाकर सहयोग किया, वही लोग अब धूल, कीचड़, जलभराव और अधूरे निर्माण कार्यों की परेशानी झेल रहे हैं।

### इनका कहना

नाली निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है पानी निकासी की व्यवस्था कर दी जाएगी

**-विरेन्द्र मेहता सीएमओ नगर परिषद तराना**

इस विषय मे नगर परिषद सीएमओ से चर्चा कर मामले को दिखवाता हूँ।

**-ब्रजेश सक्सेना**
**अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तराना**

## मंछामन मल्टी निर्माण में देरी पर हितग्राहियों का विरोध, जल्द मकान देने की मांग

**जागरण उज्जैन।** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित की जा रही मंछामन मल्टी का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा होने के कारण हितग्राहियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। बुधवार को बड़ी संख्या में लोगों संदीप सूर्यवंशी, मनोज कसेरा एवं मदन राठौड़ के नेतृत्व अपना विरोध दर्ज कराते हुए शासन-प्रशासन से निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कर मकानों का आवंटन करने की मांग की। लोगो ने कहां की उन्हें वर्षों से मकान मिलने का आश्वासन दिया जा रहा है, लेकिन अब तक न तो निर्माण कार्य पूरा हुआ है और न ही मकानों का कब्जा मिल पाया है।

इस संबंध में मौके पर पहुंचे अपर आयुक्त मनोज मौर्य ने हितग्राहियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा आश्वासन दिया कि उनकी मांग शासन स्तर तक पहुंचाई जाएगी। निर्माण कार्य को तेजी से पूरा कर आगामी तीन माह के भीतर मकानों का आवंटन करने का प्रयास किया जाएगा। हितग्राही पायल अटल एवं सोमेक्स सक्सेना ने बताया कि वे लंबे समय से अपने मकान की प्रतीक्षा कर रहे हैं। कई परिवार आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं और किराए के मकानों में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने शासन से जल्द समाधान की मांग की है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मंछामन मल्टी का निर्माण कार्य लगभग 8 वर्ष बाद 21 जनवरी 2025 को पुनः शुरू हुआ था। ठेकेदार को निर्माण कार्य पूर्ण करने की समय-सीमा 26 जनवरी 2026 तक दी गई थी, लेकिन समय पर भुगतान नहीं होने के कारण निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है, जिससे निर्धारित अवधि में कार्य पूरा नहीं हो सका। परियोजना से जुड़े लगभग 200 हितग्राही वर्तमान में किराए के मकानों में रह रहे हैं।

इनमें से कई लोगों ने आवास की किश्त जमा करने के लिए ब्याज पर राशि भी ली है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर इसका अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। लोगो ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ठेकेदार को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को जल्द से जल्द मकानों का आवंटन किया जाए।

# बहादुरपुर में संयुक्त परिवार की सजगता से चोरी की बड़ी वारदात हुई नाकाम

## दो शातिर आरोपी हथियार और वाहन सहित रंगे हाथों गिरफ्तार

**जागरण अशोकनगर।**

16-17 जून की दरमियानी रात बहादुरपुर कस्बे के नया बाजार स्थित कोठी में एक संयुक्त परिवार की सूझबूझ और पुलिस की मुस्तैदी से चोरी की एक बड़ी वारदात को नाकाम कर दिया गया। पुलिस ने मौके से गुना जिले के दो शातिर चोरों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर उनके पास से एक मोटरसाइकिल और अवैध हथियार बरामद किया है।

बताया गया है कि रात में शातिर चोरों ने कोठी में रहने वाले हामिद खान के आवास पर धावा बोला। चोरों ने सो रहे परिवार को बंधक बनाने की नीयत से भूतल पर हामिद खान और प्रथम तल पर उनके बेटों के कमरों के दरवाजों पर बाहर से कुंडी लगा दी। इसके बाद वे भोपाल गए शोएब खान के बंद कमरे का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। कमरे से आ रही खटपट की आवाज सुनकर पास के कमरे में मौजूद नावेद की पत्नी की नींद खुल गई। उसने जब अपने कमरे का दरवाजा बाहर से बंद पाया, तो घबराने के बजाय सूझबूझ दिखाई और तुरंत अपने ससुर हामिद खान को फोन लगाया।



**संयुक्त परिवार ने घेरा, पुलिस ने दबोचा**

हामिद खान का कमरा भी बाहर से बंद था, इसलिए उन्होंने तुरंत कोठी के दूसरे हिस्से में रहने वाले अपने भतीजों नफीस, शफीक और आमिर को सूचना दी। तीनों भाई तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले हामिद खान के कमरे को खोला और फिर बड़ी चालाकी से उस कमरे के दरवाजे की कुंडी बाहर से लगा दी जिसमें चोर चोरी कर रहे थे। इसके बाद तुरंत डायल 112 और थाना बहादुरपुर पुलिस को सूचित किया गया। रात की गश्त पर तैनात पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और कमरे में बंद दोनों आरोपियों को रंगे हाथों दबोच लिया।

**आरोपियों से कट्टा, कारतूस और मोटर साइकिल बरामद**

थाना प्रभारी नीलम सिंह यादव ने बताया कि फरियादी जाहिद खान की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जब आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ की, तो बड़े खुलासे हुए। आरोपी पप्पू पुत्र मांगीलाल भील निवासी शेरपुरा, जामनेर और माखन सिंह पुत्र चंपालाल भील निवासी विशनखेड़ा, आरोन ने बताया कि दोनों आरोपी पूर्व में भी गुना और अशोकनगर में चोरी की कई वारदातों में शामिल रहे हैं। आरोपियों की निशानदेही पर नदी किनारे झाड़ियों में छिपाई गई मोटरसाइकिल बरामद की गई। जिसकी डिग्गी में से एक 315 बोर का देशी कट्टा और एक जिंदा राउंड बरामद हुआ। इसके अलावा चोरी में इस्तेमाल होने वाली लोहे की छड़ और औजार भी जब्त किए गए हैं।

**कोठी में हो चुकी है चोरी की बड़ी वारदात**

नया बाजार स्थित जिस कोठी में चोर घुसे, वहां की एक सर्राफा दुकान से करीब चार वर्ष पूर्व करीब 25 लाख की चोरी हुई थी, जिसका आजतक खुलासा नहीं हो सका। वहीं जिस तरीके से चोरों ने हामिद खान के कमरों की कुंडी लगाईं, इसी तरीके से करीब तीन माह पहले कस्बे के पुराना बाजार में नीलेश जैन और उनके पड़ोसी त्रिवेदी परिवार के मकान में भी चोरी की कोशिश की जा चुकी है।

# हाईवोल्टेज हुआ पति-पत्नी का विवाद हाईटेंशन लाइन के खंभे पर चढ़ा पति



**जागरण अशोकनगर।**

देहात थाना क्षेत्र में घरेलू कलह का एक ऐसा चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने कुछ देर के लिए पूरी पुलिस टीम और स्थानीय लोगों की सांसें अटका दीं। घर में पति-पत्नी के बीच हुआ विवाद उस समय बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया, जब नाराज पति रामकृष्ण गुस्से में घर छोड़कर सीधे हाईटेंशन बिजली लाइन के खंभे पर जा चढ़ा। युवक खंभे पर काफी ऊपर तक पहुंच गया था, जिससे स्थिति बेहद नाजुक हो गई थी। अगर युवक थोड़ा भी और ऊपर बढ़ता तो वह सीधे मौत के करंट की चपेट में आ जाता, और यदि घबराहट या संतुलन बिगड़ने से नीचे गिरता तो भी उसकी जान को गंभीर खतरा था। इस घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस की एफआरवी और चीता मोबाइल टीम बिना कोई वक्त गंवाए तुरंत मौके पर पहुंची। खंभे पर चढ़े युवक को देखकर पुलिसकर्मियों ने तुरंत मोर्चा संभाला और बेहद धैर्य के साथ उसे समझाना शुरू किया। पुलिस ने काफी देर तक युवक से बातचीत की, उसकी नाराजगी को शांत किया और आखिरकार सूझबूझ से उसे सुरक्षित नीचे उतारने में कामयाबी हासिल की। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई और तत्परता की वजह से समय रहते करंट का खतरा टल गया और एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

## विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आज

**अशोकनगर।** भाजपा द्वारा आज दोपहर सेन चौराहा स्थित एक निजी होटल में 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के, मोदी सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ एवं विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, प्रबुद्ध जन सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

## न्यूज कार्नर

### नगर रक्षा समिति सदस्य की सल्फास से मौत

**अशोकनगर।** शहर की तुलसी कॉलोनी में 20 वर्षीय युवक ने सल्फास खा ली। मंगलवार को हुई इस घटना के बाद युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां देर शाम उसकी मौत हो गई। युवक मोहन जोगी नगर रक्षा समिति का सदस्य था। वह मंगलवार दोपहर घर पर था, जब उसे उल्टी होने लगी, तब परिजनों को घटना का पता चला। तत्काल उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। परिजनों के अनुसार युवक धार्मिक आयोजनों सहित कई स्थानों पर यातायात व्यवस्था और अन्य सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेता था। उसने सल्फास क्यों खाया, इसका कारण परिजनों को भी ज्ञात नहीं है। उनका कहना है कि अचानक तबीयत बिगड़ने पर ही उन्हें घटना की जानकारी मिली। बुधवार सुबह जिला अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम किया गया और उसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### डबल लॉक खाद गोदाम का किया निरीक्षण

**जागरण अशोकनगर।** कलेक्टर ने डबल लॉक खाद गोदाम का निरीक्षण कर किसानों की समस्याएं सुनीं एवं बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समिति के स्टॉक एवं वितरण रजिस्टरों का अवलोकन किया। समिति प्रमुख राजेश मिश्रा ने बताया कि यूरिया न होना बताया तो कलेक्टर ने एसडीएम को तत्काल यूरिया उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से अपील की कि जैविक खेती एवं जैविक खाद का उपयोग किया जाए। सरकार जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ किसानों को लेना चाहिए।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ 9 कुण्डीय श्रीराम यज्ञ

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा तहसील क्षेत्र के ग्राम खिरिया तेल में हनुमान मंदिर के पुनर्निर्माण एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर आयोजित 9 कुण्डीय श्रीराम यज्ञ का शुभारंभ बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पीले वस्त्र धारण किए श्रद्धालुओं की मौजूदगी से पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में रंग गया।

### बीच बाजार दो किन्नरों की पिटाई का वीडियो वायरल

**शिवपुरी।** रन्नौद निवासी नेहा किन्नर अपनी साथियों के साथ खतौरा में मौजूद थीं। इसी दौरान दूसरे गुट की प्रिंसी किन्नर, आशी उर्फ आशू, जोया और तमन्ना किन्नर वहां पहुंच गईं। क्षेत्र में बधाई मांगने और वर्चस्व को लेकर शुरू हुआ विवाद कुछ ही मिनटों में हिंसक झड़प में बदल गया।आरोप है कि मुस्कान किन्नर को जमीन पर पटककर लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा गया। हमले में उसके सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। इतना ही नहीं, आरोपियों ने कैंची से उसके बाल भी काट दिए। साथी को बचाने पहुंची नेहा किन्नर को भी निशाना बनाया गया और उसके साथ मारपीट कर बाल काट दिए गए। घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना में घायल दोनों किन्नरों को पहले बदरवास अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें शिवपुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मुस्कान किन्नर का उपचार जारी है। मामले को लेकर पहले से तनाव की स्थिति भी सामने आई है। घटना से कुछ घंटे पहले ही एक पक्ष द्वारा जनसुनवाई में शिकायत देकर जान से मारने और झूठे मामलों में फंसाने की धमकियों का आरोप लगाया गया था।

# स्वसहायता समूहों की महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा,प्रतियोगिता में लिया भाग



**जागरण ईसागढ़।** प्रधानमंत्री शनि निर्माण योजना के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कुक-कुम,हेल्पर कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन जनपद पंचायत ईसागढ़ में किया गया। यह प्रतियोगिता मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत परिसर में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के शासकीय विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाले स्वसहायता समूहों की 55 महिला रसोइयों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी पाक-कला का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों द्वारा तैयार किए गए व्यंजनों का मूल्यांकन निर्धारित मानकों के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एक समूह को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयनित किया गया, जबकि अन्य समूहों को भी सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया गया। सभी प्रतिभागी समूहों की रसोइयों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता में सुधार, पोषण, स्वच्छता एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर जनपद पंचायत के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सड़क पर लंगड़ाते हुए चले कंडक्टर को पीटने वाले

## तीन दिन पहले हुई थी मारपीट

**जागरण अशोकनगर।**

बीते 14 जून की रात को षहर के नए बस स्टैंड पर एक बस कंडक्टर से मारपीट करने वाले तीन आरोपी बुधवार को सड़क पर पुलिस के साथ लंगड़ाते हुए चलते दिखाई दिए। जिस बस स्टैंड पर आरोपियों ने दबंगई दिखाई थी, उसी बस स्टैंड पर तीनों का जुलूस निकाला गया। इससे पुलिस ने आमजन को संदेश दिया है कि उनकी सुरक्षा पुलिस की पहली प्रतिबद्धता है, वहीं गुंडे-बदमाषों को सीख दी है कि यदि जिले की शांत फिजा को बदरंग करने की कोशिश की गई तो यही हाल होगा।



दरअसल, 14 जून की रात्रि में नए बस स्टैंड क्षेत्र में बस के कर्मचारियों द्वारा सवारी बैठाने की बात को लेकर हुए विवाद के दौरान कंडक्टर जगदीश पुत्र हर प्रसाद राय के साथ मारपीट की हुई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर देहात थाने में तीन नामजद आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 2, 296 बी, 3 5, 351 2 में प्रकरण दर्ज किया गया। उक्त घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

इसलिए पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने गंभीरता दिखाते हुए आरोपियों को कड़ा सबक सिखाने के निर्देश दिए। इसके बाद थाना प्रभारी देहात भुवनेश शर्मा वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे आरोपी अजय उर्फ कल्ली यादव, इन्द्रजीद उर्फ डब्बू यादव, दिलीप उर्फभूरा राजपूत समस्त निवासीगण सारसखेड़ी जिला अशोकनगर को गिरफ्तार लिया और नए बस स्टैंड से जुलूस बनाते हुए उन्हे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

# राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद में नई नियुक्तियां

## दीपक शर्मा बने ग्राम अध्यक्ष और कृष्णा जैन जिला संयोजक

**जागरण ईसागढ।**

राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोलू यादव,सह संरक्षक राहुल शर्मा एवं संरक्षक अभिषेक मोहरी की सहमति से संगठन को मजबूत करने एवं गौ सेवा कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नई नियुक्तियां की गई हैं।

जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार दीपक शर्मा को ग्राम अध्यक्ष,कदवाया जिला अशोकनगर नियुक्त किया गया है। वहीं कृष्णा जैन को जिला संयोजक, अशोकनगर का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।

संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि दोनों नियुक्त पदाधिकारी गौ सेवा, गो संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके अनुभव और समर्पण से परिषद को नई ऊर्जा मिलेगी तथा संगठन का विस्तार गांव-गांव तक होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष गोलू यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि नव नियुक्त पदाधिकारी संगठन की नीतियों एवं उद्देश्यों का पालन करते हुए गौ सेवा,राष्ट्र सेवा और मानव सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे तथा अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़कर जनहित के कार्यों में योगदान देंगे।

# क्लिनिक संचालक हत्याकांड के 4 मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस की त्वरित कार्रवाई, 30 लोगों पर हत्या का मामला दर्ज

**जागरण, शिवपुरी।** भयावन गांव में क्लिनिक संचालक प्रभान सिंह लोधी की निर्मम हत्या के मामले में भौंती पुलिस ने तेजी दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। चर्चित हत्याकांड को लेकर क्षेत्र में तनाव के बीच थाना इंचार्ज उनि. कुसुम गोयल के नेतृत्व में भौंती पुलिस ने त्वरित कार्रवाई को अंजाम दिया।

एसपी श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देशन, एएसपी संजीव मुले के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में थाना प्रभारी इंचार्ज उपनिरीक्षक कुसुम गोयल ने टीम के साथ लगातार दबिश देकर मुख्य आरोपी बलवीर पाल पुत्र सदाराम पाल, परमेश्वरदास पाल, मिजाजी पाल एवं बलवीर पाल पुत्र रामदीन पाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। मृतक की पत्नी मीना लोधी के अनुसार 16 जून की शाम 30 से अधिक लोग घर में घुस आए और खाना खा रहे प्रभान सिंह लोधी को घसीटकर बाहर ले गए। आरोपियों ने लाठी, डंडों और पत्थरों से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची पत्नी, भाई कृपाराम लोधी और दामाद सचिन लोधी के साथ भी मारपीट की गई। उपचार के दौरान प्रभान सिंह की मौत हो गई। जांच में पुलिस ने रामनिवास पाल, देवेन्द्र पाल, राजू पाल, बलवीर पाल, सुदामा पाल, परमेश्वरदास पाल, मिजाजी पाल, केशपाल, प्रदीप पाल, दिनेश पाल, अंगद लोधी, अनिल लोधी, पुष्पेन्द्र पाल, शैतान पाल, मोहर सिंह पाल सहित 15 अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी इंचार्ज उनि. कुसुम गोयल सउनि संजय भगत, सउनि मुनेन्द्र सिंह भदौरिया, प्रधान आरक्षक प्रदीप गुर्जर, अभयराज सिंह, प्रहलाद यादव, मृत्युंजय सिंह, लक्ष्मीनारायण, आरक्षक रवि शर्मा, दुर्गाविजय, मलखान गुर्जर, पुष्पेन्द्र चौहान, गजेन्द्र शर्मा, पीकेश कुमार, नन्दकिशोर, राजेश कुमार, बन्टी उमरैया, रामनरेश राठौर, महिला आरक्षक अनीता शर्मा एवं सैनिक निखिल की अहम भूमिका रही।



# शिवपुरी से झांसी तक निकली 15वीं तिरंगा-मशाल यात्रा

**जागरण, शिवपुरी।** वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर शिवपुरी एक बार फिर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया। बीपीएम जयहिंद मिशन एवं संत रैदास लोक कल्याण ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 15वीं दो दिवसीय तिरंगा-मशाल यात्रा का शुभारंभ तात्याटोपे समाधि स्थल से हुआ। देशभक्ति के नारों, हाथों में तिरंगा और जलती मशालों के साथ निकली यह यात्रा राष्ट्र चेतना और शहीदों के सम्मान का संदेश देती हुई झांसी के लिए रवाना हुई।

यात्रा का शुभारंभ चार बार राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त जेलर एवं बीपीएम जयहिंद मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. व्ही.एस. मौर्य तथा संत रैदास लोक कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. कपिल मौर्य के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वीर सेनानी तात्याटोपे को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई, जिसके बाद प्रतीकात्मक रूप से 11 तोपों की सलामी देकर यात्रा को रवाना किया गया।इस अवसर पर सेवानिवृत्त आईटीबीपी कमांडेंट फैय्याज खान, आध्यात्मिक गुरु डॉ. रघुवीर सिंह गौर, अशोक ठाकुर, रामलखन धाकड़, राजू यादव (ग्वाल), रशीद खान गुड्डू, मणिकांत शर्मा, भूपेंद्र विकल, उम्मेद झा, लल्ला पहलवान, नीरज जाटव, सुखवीर सिंह कुशवाह, सुल्तान मारसाब, बद्रीप्रसाद धाकड़ सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। यात्रा में सीआरपीएफ, सीआईएटी, आईटीबीपी एवं पुलिस बल के जवानों की विशेष सहभागिता आकर्षण का केंद्र रही। शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरती यात्रा का नागरिकों ने पुष्पवर्षा, माल्यार्पण, जल वितरण और अल्पाहार से भव्य स्वागत किया। करैरा में रात्रि विश्राम के बाद यह यात्रा गुरुवार को झांसी पहुंचेगी, जहां रानी लक्ष्मीबाई समाधि स्थल पर मशाल समर्पित कर कार्यक्रम का समापन होगा।



# समर कैम्प में बच्चों ने सीखीं तैराकी की बारीकियां, बच्चों का हुआ सम्मान

## हॉलीबुड्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित सुखवीर एकेडमी के स्विमिंग कैंप का भव्य समापन

**जागरण, शिवपुरी।** गर्मी की तपिश के बीच बच्चों ने पानी में ऐसा हुनर दिखाया कि समापन समारोह तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। हॉलीबुड्स इंटरनेशनल स्कूल परिसर में सुखवीर डांस एकेडमी द्वारा आयोजित स्विमिंग समर कैंप 2026 का भव्य समापन समारोह उत्साह, सम्मान और उपलब्धियों के साथ संपन्न हुआ। कैंप का सफल संचालन एवं प्रशिक्षण व्यवस्था सुखवीर सर, नवीन अवस्थी, उदयवीर सिंह राजावत के निर्देशन में की गई। वहीं मेवाड़ पैलेस में स्विमिंग क्लासेज निरंतर जारी रहेंगी।

2 मई से 16 जून तक चले इस विशेष स्विमिंग प्रशिक्षण शिविर में बच्चों ने न केवल तैराकी की बारीकियां सीखीं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और साहस का भी पाठ पढ़ा। कैंप के दौरान प्रतिभागियों ने पानी में संतुलन, गति और सुरक्षा से जुड़ी तकनीकों में दक्षता हासिल की। समापन समारोह में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को मैडल एवं सम्मान पत्र प्रदान कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन का सम्मान किया गया। बच्चों के चेहरों पर सफलता की मुस्कान और अभिभावकों के चेहरे पर गर्व साफ दिखाई दे रहा था। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर पिंकी गोस्वामी, राजेश गोस्वामी, विनोद शर्मा, भारत त्रिवेदी, अमिताभ त्रिवेदी, भूमिका, उप प्राचार्य नाजिया खान, मैनेजर नवीन अवस्थी, वरिष्ठ पत्रकार बृजेश तोमर एवं सूरज जैन पत्ते वाले सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि तैराकी एक ऐसा कौशल है जो खेल के साथ-साथ जीवन रक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज के दौर में बच्चों को खेल गतिविधियों से जोड़ना समय की आवश्यकता है और सुखवीर डांस एकेडमी द्वारा संचालित यह शिविर बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल है। कार्यक्रम का आकर्षक एवं प्रभावशाली मंच संचालन शिल्पा दुबे ने किया। उन्होंने अपने जीवंत अंदाज से पूरे समारोह को यादगार बना दिया। समापन अवसर पर सुखवीर सर ने सभी प्रशिक्षुओं, अभिभावकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों के उत्साह और अभिभावकों के सहयोग ने शिविर को अभूतपूर्व सफलता दिलाई है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को निखारने का संकल्प दोहराया।




# जनजातीय बस्ती में लगी चौपाल, सुनीं समस्याएं, 66 मामले निपटाए

**जागरण, शिवपुरी।** आमतौर पर रात ढलते ही सरकारी दफ्तरों की गतिविधियां थम जाती हैं, लेकिन बसई मजरा की जनजातीय बस्ती में मंगलवार की रात नजारा कुछ अलग था। यहां प्रशासन खुद ग्रामीणों के बीच पहुंचा, चौपाल सजी, समस्याएं सुनी गईं और कई मामलों में मौके पर ही समाधान भी कर दिया गया। देर रात तक चली इस जनचौपाल ने ग्रामीणों और प्रशासन के बीच की दूरी कम करने का काम किया।

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर आयोजित रात्रि चौपाल में एसडीएम जे.पी. गुप्ता ने अधिकारियों के साथ ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। चौपाल में आए लोगों ने जमीन, आवास, पेंशन, सड़क और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं खुलकर रखीं। प्रशासन ने भी त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 82 आवेदनों में से 66 मामलों का मौके पर निराकरण कर दिया।

सबसे अधिक 45 राजस्व प्रकरण सामने आए, जिनमें 35 जाति प्रमाण-पत्र और 10 नामांतरण मामलों का तत्काल समाधान किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के 9, पेंशन के 2 और पोषण आहार से जुड़े 2 आवेदन भी प्राप्त हुए। आधार अपडेट और जन्म प्रमाण-पत्र से संबंधित 20 आवेदन भी दर्ज किए गए। शिविर में 23 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी गई। चौपाल का सबसे भावुक क्षण तब आया जब 82 वर्षीय बुजुर्ग का सम्मान किया गया। इसके बाद अधिकारियों और ग्रामीणों ने एक साथ सहभोज कर आत्मीयता का संदेश दिया। ग्रामीणों ने स्पीड ब्रेकर निर्माण, आशा कार्यकर्ता की नियुक्ति और भूमि संबंधी समस्याएं उठाईं, जिन पर एसडीएम जे.पी. गुप्ता ने आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर तहसीलदार द्रगपाल सिंह बैस, जनपद सीईओ ऑफिसर सिंह गुर्जर, परियोजना अधिकारी नीरज सिंह गुर्जर, अजय शंकर त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



# जागरण गुना

गुना, 18 जून 2026 | चांचौड़ा - राघौगढ़ | www.dainikjagranmpcg.com


### निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आज

**गुना।** लायंस नेत्र चिकित्सालय में गुरुवार को निशुल्क मोतियाबिंद नेत्र शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें मरीजों के निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किए जाएंगे। जिसमें मरीजों को चाय, नास्ता, खाना, ठहरना, मोतियाबिंद की जांच एवं ऑपरेशन, दवाई चश्में, लैंस फ्री रहेगा । सप्ताह के प्रत्येक गुरुवार को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जायेगा।

### अधिकमास के समापन पर भंडारे का हुआ आयोजन

**जागरण, इटारसी।** सूरज गंज स्थित शंकर मंदिर में अधिकमास के पावन माह पर चल रहे एक माह के सुंदरकांड पाठ का समापन भव्य भंडारे के साथ हुआ। पूरे महीने सूरज गंज की मातृशक्तियों द्वारा यहां प्रतिदिन सुंदरकांड का आयोजन किया जा रहा था। अधिकमास के अंतिम दिन संध्याकाल में भव्य महाआरती की गई और भगवान को भोग लगाया गया। कन्या पूजन व भोजन कराया एवं सुहागिन महिलाओं को सुहाग सामग्री भेंट कर भंडारे की शुरुआत हुई।

# मनचले को महंगी पड़ी छेड़छाड़, जमकर हुई धुनाई

## बहनों की दिलेरी पर पीठ थपथपाने काउंटर पर पहुंचे कलेक्टर और एसपी




**जागरण, गुना।** शहर के संजय स्टेडियम के पास एबी रोड पर अपनी मेहनत और हिम्मत से महिला सशक्तिकरण की नई मिसाल पेश करने वाली वफल वाली बहनों के काउंटर पर जिले के दोनों शीर्ष अधिकारी कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक खुद पहुंचे। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे सहित प्रशासन का अन्य अमला भी मौजूद रहा। अधिकारियों के इस दौरे ने न केवल इन साहसी बहनों का हौसला बढ़ाया, बल्कि शहर की अन्य युवतियों में भी बिजनेस और आत्मरक्षा को लेकर एक नया विश्वास पैदा किया है।

दरअसल, यह पूरा मामला एक मनचले की बदतमीजी और उस पर युवतियों द्वारा दिखाए गए अदम्य साहस से जुड़ा है। रोजाना की तरह बहनें संजय स्टेडियम के पास अपनी वफ़ल कार्ट पर थीं। इसी दौरान पास के पार्क में एक नशेड़ी और मनचले व्यक्ति ने वहां बैठी एक छोटी बच्ची के साथ छेड़छाड़ कर उसे गंदे इशारे करते हुए उसका पीछा करने लगा। डरी-सहमी बच्ची भागकर वफ़ल काउंटर पर मौजूद बड़ी बहन पूजा के पास पहुंची। जब पूजा और उसकी बहनों ने उस मनचले को इस हरकत के लिए टोका और विरोध किया, तो वह उलझ गया और युवतियों के साथ भी सरेराह गाली-गलौज व अभद्रता करने लगा। मनचले की इस गुंडागर्दी के आगे घुटने टेकने के बजाय चारों बहनों ने एकजुट होकर मोर्चा संभाला और उसकी बीच सडक़ पर जमकर धुनाई कर दी। बहनों द्वारा मनचले को सबक सिखाने का यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हुआ। जाते-जाते आरोपी ने उन्हें देख लेने की धमकी दी थी, जिसके बाद बहनों ने अपनी मां के साथ कैंट थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

### अधिकारियों ने थपथपाई पीठ

चारों बहनों द्वारा अपनी सुरक्षा और सम्मान के लिए उठाए गए इस साहसी कदम की गूंज जब प्रशासनिक गलियारों तक पहुंची, तो खुद कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और एसपी हितिका वासल मामले का संज्ञान लेने उनके वफल काउंटर पर पहुंच गए। वरिष्ठ अधिकारियों ने युवतियों और उनकी मां से काफी देर तक आत्मीय संवाद किया और पूरी घटना की जानकारी ली। पूजा और उसकी बहनों ने अधिकारियों को बताया कि इस मनचले के अलावा आसपास के कुछ अन्य ठेले वाले भी उन्हें आए दिन परेशान करने की कोशिश करते हैं। कलेक्टर और एसपी ने बहनों की इस दिलेरी की पीठ थपथपाते हुए कैंट पुलिस को आरोपी के खिलाफ त्वरित और सख्त वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# गोलीकांड: उलटा क्रॉस केस दर्ज होने पर एसपी दफ्तर पहुंचे पीड़ित

**जागरण, गुना।** शहर के कोतवाली थाना अंतर्गत ईदगाहबाड़ी रोड पर हुए सनसनीखेज गोलीकांड में पुलिस द्वारा क्रॉस मामला दर्ज किए जाने के विरोध में बुधवार को पीड़ित पक्ष के परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। परिजनों ने एसपी हितिका वासल को शिकायती आवेदन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। इसी बीच इस खूनी संघर्ष का एक बेहद चौंकाने वाला सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसने पुलिसिया कार्रवाई पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि हमलावर लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से लैस होकर पहले से ही घात लगाकर फरियादी का इंतजार कर रहे थे और मौका मिलते ही उन्होंने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।

**सीसीटीवी फुटेज में खुली हमलावरों की पोल:** सामने आए सीसीटीवी फुटेज ने घटना की पूरी हकीकत बयां कर दी है। फुटेज में दिख रहा है कि आरोपी हथियारों के साथ पहले से तैयारी करके सडक़ पर खड़े थे। जैसे ही फरियादी वहां से गुजरा, उन्होंने उसे बीच रास्ते में रोक लिया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच पहले तीखी बहसबाजी हुई, जो देखते ही देखते लाठीबाजी में तब्दील हो गई। इसी बीच पीछे से दूसरे पक्ष का एक व्यक्ति दौड़ता हुआ आया और उसने कट्टे से धनाधन फायर झोंकने शुरू कर दिए। इस फुटेज के सामने आने के बाद पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना में पूरी तरह से लक्ष्मण केवट शिकार हुआ है, लेकिन पुलिस ने प्रभाव में आकर उसके खिलाफ ही उल्टा मुकदमा कायम कर दिया। आवेदन में पीड़ित लक्ष्मण केवट पुत्र रतनलाल केवट ने बताया किआरोपी नरेश ने सबसे पहले लक्ष्मण की आंखों में मिर्ची झोंक दी और सिर पर डंडे से जानलेवा वार किया। इसके बाद देवू और धर्मेश ने उसे लात-घूसों से पीटा, जबकि महादेव ने पत्थरों से हमला किया।

## न्यूज कार्नर

### आरोन में नपा में हुआ जन कल्याण शिविर आयोजित

**जागरण, गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं जिपं सीईओ अभिषेक दुबे के निर्देशानुसार तथा शासन के आदेशों के पालन में सीएमओ दिनेश कुमार सोनी के मार्गदर्शन में आमजन को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर परिषद आरोन द्वारा 16 जून से 18 जून तक जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। सीएमओ श्री सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में आमजन की समस्याएं एवं मांगों से संबंधित आवेदन भी प्राप्त किए गए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

### महाराणा प्रताप जयंती पर रोपे पौधे

**जागरण, गुना।** महाराणा प्रताप जयंती के शुभ अवसर पर पितृ स्मृति वन समिति, गुना द्वारा आज सुबह 6.30 बजे मारुति शोरूम के सामने डिवाइडर पर पौधारोपण कर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ करणी सेना के अध्यक्ष मान सिंह भदौरिया ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, मेवाड़ के शेर महाराणा प्रताप महान योद्धा थे। उन्होंने हल्दीघाटी का युद्ध लड़ा जो इतिहास में अमर है। 25 वर्ष तक जंगलों में रहकर घास की रोटी खाई, पर स्वाभिमान नहीं झुकने दिया। ऐसे वीर योद्धा को हम शत-शत नमन करते हैं। पितृ स्मृति वन समिति के सदस्यों ने कहा कि महाराणा प्रकृति प्रेमी थे। उनके सम्मान में आज नीम, पीपल और बरगद के पौधे लगाए गए। समिति का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ महापुरुषों की स्मृति को जीवित रखना है।

### अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई, डंपर जब्त

**जागरण, गुना।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से खनिज का परिवहन कर रहे एक डंपर को जब्त किया। जांच के दौरान वाहन चालक आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। साथ ही जांच में पाया गया कि खनिज परिवहन के लिए प्रस्तुत रॉयल्टी अन्य जिले की थी, जबकि खनिज का परिवहन गुना जिले में किया जा रहा था। नियमों के उल्लंघन की स्थिति पाए जाने पर डंपर को जब्त कर उमरी थाना परिसर में खड़ा कराया गया। संबंधित वाहन स्वामी के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में खनिज अधिकारी सचिन वर्मा, प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती सहित विभाग का अमला एवं उमरी थानाबल मौजूद रहा।

### हजारों छात्रों की छात्रवृत्ति और योजना राशि अटकी

**जागरण, गुना।** छात्र संगठन डीएसओ कॉलेज कमेटी के अध्यक्ष शुभम राव ने प्रेस बयान जारी कर पीजी कॉलेज के हजारों छात्रों की रुकी हुई छात्रवृत्ति और आवास योजना राशि के तत्काल भुगतान की मांग की है। संगठन का आरोप है कि प्रथम व द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं समाप्त होने वाली हैं, लेकिन नियमों के विरुद्ध अब तक राशि नहीं मिली है। कई छात्रों के फॉर्म कॉलेज स्तर पर अटके हैं, जिससे आदिम जाति कल्याण विभाग से भुगतान नहीं हो पा रहा है। वहीं, सप्लीमेंट्री पास कर तृतीय वर्ष में आए नियमित छात्रों के फॉर्म भी अप्रुव नहीं किए जा रहे हैं।

### यूरिया से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

# हैंडपंप पर पानी भर रहीं महिलाएं और बच्चे दबे, आधा दर्जन घायल



**जागरण, गुना।** जिले के राघौगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आरोन-राघौगढ़ मार्ग पर बुधवार सुबह एक हृदयविदारक हादसा सामने आया है। ग्राम आनंदपुर मोइया के पास एक तीखे मोड़ पर खाद (यूरिया) से भरा एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दर्दनाक हादसे की चपेट में सडक़ किनारे लगे सरकारी हैंडपंप पर पानी भर रही महिलाएं और बच्चे आ गए, जिन पर ट्रक में लदी खाद की वजनी बोरियां जा गिरीं। इस भीषण दुर्घटना में करीब आधा दर्जन से अधिक महिलाएं-बच्चे एवं लोग मलबे के नीचे दबकर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर कोहराम मच गया और आरोपी ट्रक ड्राइवर वाहन छोड़कर मौके से रफू-चक्कर हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह हादसा सुबह करीब 10 बजे के आसपास हुआ, जब यूरिया बोरियों से ओवरलोड ट्रक सागर से राजस्थान की ओर जा रहा था। जैसे ही ट्रक ने आनंदपुर मोइया गांव के खतरनाक टर्न पर रफ्तार में मुडऩे का प्रयास किया, वह संतुलन खो बैठा और सीधे हैंडपंप की तरफ पलट गया। टनों वजनी बोरियों के नीचे दबने से चीख-पुकार मच गई, जिसे सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। सूचना मिलते ही राघौगढ़ थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मलबे में दबे ग्रामीणों को बाहर निकालकर तत्काल राघौगढ़ के साडा अस्पताल भिजवाया।

### आधी रात को इंडस्ट्रियल एरिया में पाइप फैक्ट्री में लगी आग

# 70-80 लाख रुपए के नुकसान की आशंका

**जागरण, गुना।** जिला मुख्यालय के औद्योगिक क्षेत्र (इंडस्ट्रियल एरिया) में मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात एक बड़ा हादसा हो गया। यहाँ संचालित एक नामचीन प्लास्टिक पाइप निर्माण फैक्ट्री में अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते लपटों ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि फैक्ट्री के भीतर रखा टनों वजनी कच्चा माल और तैयार पाइप जलकर खाक हो गए। घटना की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने के लिए कंक्रीट की मजबूत दीवारें तक तोडऩी पड़ीं। करीब 5 घंटे चले इस कड़े रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सुबह तडक़े आग को पूरी तरह बुझाया जा सका। इस अग्निकांड में फैक्ट्री मालिक को करीब 70 से 80 लाख रुपये के भारी नुकसान का अनुमान है। गनीमत यह रही कि अग्रिकांड वाली फैक्ट्री के पास ही अन्य फैक्ट्रियां थी, जिन तक आग नहीं पहुंची, अन्यथा पूरे औद्योगिक क्षेत्र में आग का जमकर तड़ाव मचता।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, औद्योगिक क्षेत्र में व्यवसायी हरीश रत्रा की पाइप निर्माण इकाई स्थित है, जहाँ मुख्य रूप से कृषि और सिंचाई कार्यों में इस्तेमाल होने वाले भारी प्लास्टिक पाइप बनाए जाते हैं। इस फैक्ट्री के एक हिस्से में मैन्युफैक्चरिंग प्लांट है, जबकि दूसरे बड़े हिस्से को गोदाम के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जहाँ भारी मात्रा में प्लास्टिक के दाने, केमिकल और तैयार माल का स्टॉक रखा हुआ था। रोज की तरह मंगलवार रात को भी करीब साढ़े आठ बजे सभी मजदूर और कर्मचारी काम समेटकर फैक्ट्री का ताला बंद करके अपने-अपने घर लौट चुके थे। उस वक्त तक परिसर के भीतर सब कुछ पूरी तरह सामान्य था। घटनाक्रम की शुरुआत रात करीब 11 बजे हुई, जब इंडस्ट्रियल एरिया से सटी विंध्याचल कॉलोनी के रहवासियों ने आसमान में काले धुएं के गुबार के साथ लाल लपटें उठती देखीं। फैक्ट्री से उठ रही लपटों को देखकर कॉलोनी में हडक़ंप मच गया और स्थानीय नागरिकों ने बिना वक्त गंवाए तुरंत इसकी सूचना नगरपालिका प्रशासन और पुलिस को दी। औद्योगिक क्षेत्र में आग लगने की खबर मिलते ही नगर पालिका का अमला तुरंत हरकत में आया और एक के बाद एक कुल चार फायर ब्रिगेड गाड़ियों को मोर्चे पर तैनात करना पड़ा। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान दमकल कर्मियों को सबसे बड़ी चुनौती फैक्ट्री की मजबूत पक्की दीवारों के कारण आई। फैक्ट्री चारों तरफ से पैक थी और आग अंदरूनी हिस्से में धधक रही थी, जिससे बाहर से सीधे पानी फेंकना नामुमकिन साबित हो रहा था। इस गतिरोध को तोडऩे के लिए सबसे पहले फैक्ट्री के छोटे गेट का ताला काटा गया तब फाइटर्स ने भीतर प्रवेश किया।



गुना। फैक्ट्री में लगी भीषण आग।

### नपाध्यक्ष पति सहित कई पहुंचे घटना स्थल पर

पाइप की फैक्ट्री में अचानक आग लग जाने से लगभग 50 लाख रुपए का नुकसान हुआ। आग लगने की घटना नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता को जैसे ही प्राप्त हुई उन्होंने, तत्काल अग्नि शमन दस्ते को सूचित किया एवं नगर पालिका अध्यक्ष के पति एवं पूर्व पार्षद भाजपा नेता अरविंद गुप्ता अपने बेटे सार्थक गुप्ता के साथ फायर दल को लेकर मौके पर पहुंचे और मोर्चा संभाला एवं लगभग ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मौके पर रात्रि में प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा कई सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि मौके पर मदद के लिए पहुंचे और आग बुझने तक वहां रहे।

### हादसों का बुधवार: जिले में अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन की मौत, चार लोग घायल

# ट्रक ने मारी बाइक को टक्कर महिला की मौत, पति घायल

**जागरण, गुना।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत पेट्रोल पंप के सामने बुधवार सुबह एक दर्दनाक सडक़ हादसा हो गया, जहां एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। फरियादी अभिषेक रघुवंशी ने कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी बहन के सास-ससुर, चंदरीबाई रघुवंशी और रघुवीर रघुवंशी, बाइक से आरोन से पिपरिया एक शादी समारोह में जा रहे थे। सुबह करीब 11:30 बजे कैंट पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रहे ट्रक (क्रमांक एमपी 19 जीए 1360 के चालक ने लापरवाही से टक्कर मार दी। हादसे में चंदरीबाई की ट्रक के पहिए के नीचे आने से मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**बाइक की टक्कर से दो युवक गंभीर रूप से घायल:** इसके अलावा जिले के मधुसूदनगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत अगरपुरा और लाचौनी के बीच एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस सडक़ हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राजगढ़ जिले के सुठालिया निवासी फरियादी गजराज भील ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने दोस्त बैजनाथ भील के साथ बाइक से बड़ा आमल्या जा रहा था। तभी मधुसूदनगढ़ की तरफ से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 08-4944 के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। एम्बुलेंस की मदद से दोनों को अस्पताल लाया गया, जहाँ से उन्हें रेफर कर दिया गया। गजराज का ब्यावरा और बैजनाथ का भोपाल में इलाज कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

**बायपास पर कार ने मिस्त्री को मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत:** शहर के बायपास मार्ग पर मंगलवार की शाम एक दर्दनाक सडक़ हादसा सामने आया है, जहां एक अज्ञात कार चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाईक चालक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां काफी प्रयासों के बाद देर रात मृतक की शिनाख्त हो सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान इमरत लाल रजक निवासी गुलाबगंज के रूप में हुई है, जो पेशे से मिस्त्री थे और ठेकेदारी का काम करते थे। मृतक के बड़े भाई घनश्याम रजक ने बताया कि इमरत लाल मंगलवार शाम को किसी काम के सिलसिले में बायपास की तरफ अपनी मोटर सायकिल से गए हुए थे, इसी दौरान किसी अज्ञात तेज रफ्तार कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सडक़ पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से चोटिल हो गए। मंगलवार देर रात तक पुलिस और अस्पताल प्रशासन शव की पहचान करने की कोशिशों में जुटा रहा, जिसके बाद परिजनों तक सूचना पहुंची और शिनाख्त की कार्रवाई पूरी हुई। बुधवार सुबह कोतवाली पुलिस ने जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाकर उसे अंतिम संस्कार के लिए शोकाकुल परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ उसकी तलाश शुरू कर दी है।

**मजदूरी करने गए युवक की संदेहास्पद मौत, मालिक पर इलजाम:** बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम निर्भयगढ़ निवासी एक सहरिया युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों और खेत मालिक के दावों में गहरा विरोधाभास देखने को मिल रहा है, जिससे मामला पूरी तरह उलझ गया है। जहाँ एक तरफ परिजन खेत पर ही मौत होने का आरोप मढ़ रहे हैं, वहीं खेत मालिक का कहना है कि अस्पताल लाते समय रास्ते में युवक ने दम तोड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक राजेश सहरिया को करीब आठ दिन पहले टकटईया निवासी खेत मालिक गुलाब सिंह यादव अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर मजदूरी कराने के लिए ले गया था। परिजनों का सीधा आरोप है कि राजेश की मौत खेत पर ही संदिग्ध हालातों में हो चुकी थी, जिसे छिपाने का प्रयास किया जा रहा है। दूसरी ओर, खेत मालिक गुलाब सिंह यादव का तर्क है कि मंगलवार की रात लगभग 8 से 9 बजे के बीच राजेश ने अचानक गर्दन और सीने में तेज दर्द होने की शिकायत की थी। हालत बिगड़ती देख वे उसे तुरंत अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल गुना लेकर आ रहे थे, लेकिन बदकिस्मती से उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। खेत मालिक गुलाब सिंह ने यह भी स्वीकारा कि राजेश पिछले आठ दिनों से उनके यहाँ भैंसों को भूसा देने और खेती का काम कर रहा था। गुलाब सिंह के मुताबिक, राजेश ने तीन साल पहले उनसे 15 हजार रुपये उधार लिए थे, जो वह चुका नहीं पा रहा था। बीते दिनों वह बजरंगगढ़ में मिल गया, तो पुरानी उधारी के एवज में वह राजीखुशी खेत पर काम करने के लिए साथ आ गया था। बुधवार को जिला अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बजरंगगढ़ थाना प्रभारी कृपाल सिंह परिहार ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर लिया है। दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और मौत के असली कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### फोरलेन पर हुए जानलेवा हमले में घायल युवक की भोपाल में मौत

**जागरण, गुना।** राघौगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम साकोन्या में हुए खूनी संघर्ष के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने जंजाली चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। दरअसल 12 जून की शाम को हुए जानलेवा हमले में गंभीर रूप से घायल युवक ने तीन दिनों तक अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच झूलने के बाद 15 जून की शाम को दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का आक्रोश भडक़ उठा और उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मुख्य मार्ग पर जाम ठोक दिया, जिससे सडक़ के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्री परेशान होते रहे। मामले के अनुसार साकोन्या निवासी फरियादी ध्यानसिंह गुर्जर ने राघौगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 12 जून की रात करीब 8.30 बजे उनके भतीजे दीनदयाल गुर्जर और बलवीर गुर्जर बाइक से सागर बरखेड़ा जा रहे थे। तभी फोरलेन पर गुर्जरखेड़ी के पास नारायणपुरा निवासी रामस्वरूप गुर्जर, उसके बेटे राजवीर गुर्जर, नंदकिशोर गुर्जर और समंदर गुर्जर ने लाठियों से उन पर अचानक हमला कर दिया था। इस हमले में दीनदयाल के सिर और दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आईं, जबकि बलवीर जान बचाकर भाग निकला। घायल दीनदयाल का पहले गुना में इलाज हुआ, हालत नाजुक होने पर उसे भोपाल रेफर कर दिया गया। भोपाल में सिर का बड़ा ऑपरेशन होने के बावजूद 15 जून की शाम को दीनदयाल की मौत हो गई। मंगलवार को भोपाल में शव का पोस्टमार्टम होने के बाद जैसे ही शव क्षेत्र में पहुंचा, परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। पुलिस द्वारा तुरंत कड़ी कार्रवाई न किए जाने से नाराज होकर लोगों ने मंगलवार को जंजाली चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। मामले में हत्या की धाराएं बढ़ाने और फरार आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के आश्वासन के बाद ही ग्रामीणों ने जाम खोला।

### पंचकल्याणक का शंखनाद, भव्य घटयात्रा में हाथियों और बग्गियों पर निकले इंद्र परिवार

# शाही बग्गियों का दिखा वैभव, पहले दिन हुआ गर्भ कल्याणक

**जागरण, गुना।** शहर में धार्मिक उत्साह और भक्ति का एक अभूतपूर्व नजारा देखने को मिला, जब जैनाचार्य विद्यासागरजी महाराज के शिष्य मुनि पुंगव सुधा सागरजी महाराज के ससंघ सानिध्य में श्रीमज्जिनेन्द्र आदिनाथ जिनबिम्ब पंचमुखी पंचकल्याणक प्रतिष्ठा, त्रय गजरथ महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। इस ऐतिहासिक महोत्सव का आगाज तडक़े ठीक 5:30 बजे प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया द्वारा मंत्रोच्चारणों के बीच ध्वजारोहण के साथ हुआ। तत्पश्चात एक विशाल व नयनाभिराम घटयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। इस भव्य चल समारोह में शामिल होने के लिए सभी पात्र और श्रद्धालु अलसुबह से ही



सर्राफा बाजार स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर एकत्रित होने लगे थे, जहां सभी रथ, विमान, हाथी और विशेष कारें कतारबद्ध खड़ी की गई थीं। इस दौरान सभी इंद्र-इंद्राणियों और महापात्रों ने धुले हुए शुद्ध मांगलिक वस्त्र धारण कर रखे थे। इस ऐतिहासिक शोभायात्रा में पांच सौधर्म इंद्र एवं भगवान माता-पिता पांच विशाल हाथियों पर सवार होकर निकले, जबकि दर्जनों सजी-धजी बग्गियों में भगवान के माता-पिता, ईशान इंद्र, सनत कुमार इंद्र सहित विभिन्न इंद्र अपने परिवारों के साथ शामिल हुए। शहर के मुख्य मार्गों से निकले इस चल समारोह में विशेष मॉडल की विंटेज कारें आकर्षण का केंद्र रहीं, जिनमें सवार इंद्र परिवारों का वैभव देखते ही बन रहा था।

इस विशाल चल समारोह के क्रम में सबसे आगे दो भव्य धर्म ध्वजाएं और घटयात्रा का मुख्य बैनर चल रहा था, जिसके पीछे सरदार मालवा बैंड अपनी सुमधुर धार्मिक धुनों से वातावरण को गुंजायमान कर रहा था। इसके ठीक पीछे कलश से सजे ठेले और आचार्य श्री व गुरुजी के चित्र वाले श्रद्धा के प्रतीक ठेले चल रहे थे। चल समारोह के अग्रिम भाग में सौधर्म इंद्र भूपेश जैन म्याना परिवार का ध्वजा वाहक हाथी अपनी भव्यता बिखेर रहा था, जिसके पीछे संगम बैंड की धुन पर थिरकते श्रद्धालु चल रहे थे। इस क्रम के पीछे सिर पर पवित्र मंगल कलश धारण किए महिलाएं दो-दो की कतार में बेहद अनुशासित ढंग से आगे बढ़ रही थीं। इसके बाद बैंड और फिर दी गई विशेष साड़ियों में सजी सामान्य इंद्राणियां तथा धोती-दुपट्टे में सजे सामान्य इंद्र दो-दो की कतार बनाकर मर्यादा पूर्वक चल रहे थे। पंजाब केसरी श्रीगंगानगर का ढोल बैंड माहौल में अनूठा उत्साह भर रहा था, जिसके पीछे सजी-धजी बग्गियों का सिलसिला शुरू हुआ। बग्गी क्रमांक 1 से 5 पर क्रमशः ईशान इंद्र अशोक, राजीव, मनोज सराफ, राकेश और नरेन्द्र सवार थे। बग्गी क्रमांक 6 से 8 पर सनत इंद्र आजाद, अरिहंत और महेन्द्र एनएफएल विराजमान थे।

### पत्रकारों ने दी लोकेंद्र को श्रद्धांजलि



**जागरण, गुना।** गत दिवस शहर के अक्षत न्यूज एजेंसी के एडिटर लोकेन्द्र सिंह ठाकुर के आकस्मिक निधन पर पत्रकारिता जगत में शोक छा गया। बुधवार को पत्रकारों ने सर्किट हाउस में एक शोक सभा आयोजित की जिसमें अपने दिवंगत साथी को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पत्रकारों ने श्री ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की एवं 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। बता दें कि गत दिवस लोकेंद्र सिंह ठाकुर का आकस्मिक निधन हो गया है। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं उनके एक पुत्र और दो पुत्रियां हैं। उनके निधन से पत्रकार जगत में शोक का वातावरण व्याप्त है। मंगलवार को उनकी अंत्येष्टि में शहर के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी तादाद में पत्रकार बंधु शामिल हुए। सभी ने उन्हें नम आंखों से बिदाई देते हुए एक नेक दिल इंसान का अचानक चले जाना पत्रकारों के लिए अपूर्णीय क्षति बताया।